# भारत सरकार, रेल मंत्रालय

सत्यमेव जयते

## रेलवे भर्ती बोर्ड (रेभबो) / केन्द्रीकृत रोजगार सूचना (सीईएन) सं. 01/2019, 02/2019 एवं 03/2019
## रेलवे भर्ती सेल (रेभसे) / केन्द्रीकृत रोजगार सूचना (सीईएन) सं. आरआरसी-01/2019

रेलवे भर्ती बोर्ड (रेभबो) तथा रेलवे भर्ती सेल (रेभसे) द्वारा भारतीय रेल की विभिन्न जोनल रेलवे एवं उत्पादन इकाइयों में नीचे **उल्लिखित** लगभग 1,30,000 पदों के लिए पात्र उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित **किये जाते हैं।**

(क) **नॉन टेक्निकल पापुलर कैटोगरीज (एनटीपीसी) यथा** जूनियर क्लर्क सह टायपिस्ट, एकाउंट्स क्लर्क सह टाइपिस्ट, ट्रेन्स क्लर्क, कमर्शियल सह टिकट क्लर्क, ट्रैफिक असिस्टेंट, गुड्स गार्ड, सीनियर कमर्शियल सह टिकट क्लर्क, सीनियर क्लर्क सह टाइपिस्ट, जूनियर एकाउंट्स असिस्टेंट सह टाइपिस्ट, कमर्शियल अप्रेंटिस, स्टेशन मॉस्टर आदि। **ऑन लाइन आवेदन पंजीकरण आरम्भ होने की तिथि 28.02.2019- आरआरबी/सीईएन 01/2019;**

(ख) **पैरा मेडिकल स्टाफ यथा** स्टाफ नर्स, हेल्थ एवं मलेरिया इंस्पेक्टर, फॉर्मासिस्ट, ईसीजी टेक्निशियन, लैब असिस्टेंट, लैब **सुपरिटेंडेंट** आदि। **ऑन लाइन आवेदन पंजीकरण आरम्भ होने की तिथि 04.03.2019- आरआरबी/सीईएन 02/2019;**

(ग) **लिपिक वर्गीय एवं अन्य एकल पद यथा** स्टेनोग्राफर, चीफ लॉ असिस्टेंट, जूनियर ट्रांसलेटर (हिन्दी) आदि। **ऑन लाइन आवेदन पंजीकरण आरम्भ होने की तिथि 08.03.2019 - आरआरबी/सीईएन 03/2019;**

(घ) **लेवल-1 पोस्ट यथा** ट्रैक मेंटेनर ग्रेड IV, विभिन्न **तकनीकी** विभागों (इलेक्ट्रिकल, इंजीनियरिंग, मेकानिकल एवं एस एंड टी विभाग) में हेल्पर/ **सहायक एवं अन्य विभागों में सहायक प्वांइन्टसमेन और लेवल-1 पद** आदि। **ऑन लाइन आवेदन पंजीकरण आरम्भ होने की तिथि 12.03.2019 - आरआरसी-01/2019;**

**1.0 रिक्तियाँ**

| क्र.सं. | सीईएन सं. | परीक्षा समूह | कुल संयुक्त रिक्तियां (लगभग) |
|---|---|---|---|
| 1 | RRB/CEN 01/2019 | नॉन टेक्निकल पापुलर कैटोगरीज (एनटीपीसी) | |
| 2 | RRB/CEN 02/2019 | पैरा मेडिकल स्टाफ | 30,000 |
| 3 | RRB/CEN 03/2019 | लिपिक वर्गीय एवं अन्य एकल पद | |
| 4 | RRC-01/2019 | लेवल-1 पोस्ट | 1,00,000 |

- भाग लेने वाले सभी रेभबो अथवा रेभसे की आधिकारिक वेबसाइट **का विवरण** पैरा 15.0 अथवा 16.0 में **दिया गया है।** विस्तृत सीईएन **संबंधित** रेभबो अथवा रेभसे की अधिकारिक **वेबसाइटों पर ऑन लाइन आवेदन पंजीकरण आरम्भ होने की तिथि को** प्रकाशित **किये जाएंगे।**
- सीईएन में तथा ऊपर उल्लिखित रिक्तियाँ अनंतिम है तथा बाद के चरण में रेल प्रशासन की वास्तविक जरूरतों के आधार पर कुल अथवा निर्दिष्ट इकाई/समुदायों/पदों में वृद्धि अथवा कटौती की जा सकती है।
- विभिन्न रेलवे/उत्पादन इकाइयों में विभिन्न पदों के लिए **अनारक्षित**/ एससी/एसटी/ओबीसी/ईडब्ल्यूएस/भूतपूर्व सैनिक तथा पीडब्ल्यूबीडी के लिए रिक्त स्थानों के विवरण के साथ पदों का मानदंड तथा रिक्त पदों की सारणी रेभबो / रेभसे की अधिकारिक वेबसाइटों पर प्रकाशित की जाने वाली विस्तृत सीईएन में **देखी जा सकती है।**

**2.0 दिनांक 01.07.2019 को** आयु : विभिन्न पदों के लिए निर्धारित **न्यूनतम / अधिकतम आयु सीमा (अधिकतम आयु सीमा छूट सहित)**, रेभबो अथवा रेभसे **(जो भी लागू हो)** की अधिकारिक वेबसाइटों पर प्रकाशित **होने वाली सीईएन के अनुसार है।**

**3.0 वेतन एवं भत्ते :** विभिन्न पदों के लिए 7वें सीपीसी पे मैट्रिक्स के अनुसार लागू विभिन्न पे लेवल तथा भत्ते प्रदान किए जाएंगे। सम्पूर्ण विवरण के लिए (जहां जो लागू है), कृपया रेभबो अथवा रेभसे की अधिकारिक वेबसाइटों पर प्रकाशित विस्तृत सीईएन देखें।

**4.0 शैक्षणिक योग्यता :** विभिन्न पदों के लिए विभिन्न शैक्षणिक योग्यताएं निर्धारित **हैं।** विस्तृत विवरण के लिए (जहां जो लागू है), कृपया रेभबो अथवा रेभसे की अधिकारिक वेबसाइटों पर प्रकाशित विस्तृत सीईएन देखें।

**5.0** उम्मीदवार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वह ऑन लाइन पंजीकरण बंद होने की तारीख तक पद के लिए निर्धारित सभी पात्रता शर्तों को पूरा करते हों, **निर्धारित शैक्षणिक योग्यता के परिणामों की प्रतीक्षा कर रहे उम्मीदवार आवेदन न करें।**

**6.0 चिकित्सा मानकः** उम्मीदवार **यह सुनिश्चित करें कि उनके द्वारा आवेदित पद हेतु निर्धारित चिकित्सा मानक को वे पूरा करते हों। इसके लिए रेभबो / रेभसे की अधिकारिक वेबसाइट पर प्रकाशित होने वाली विस्तृत** सीईएन में उपलब्ध प्रत्येक पद के लिए चिकित्सा मानक देखें। **आवेदित पद के लिए मेडिकल अनुपयुक्त पाए जाने वाले** उम्मीदवार को कोई वैकल्पिक नियुक्ति प्रदान नहीं की जाएगी।

**7.0 चिह्नित अक्षमता वाले व्यक्तियों (पीडब्ल्यूबीडी) के लिए आरक्षण एवं उपयुक्तता :** विस्तृत विवरण के लिए रेभबो अथवा रेभसे की अधिकारिक वेबसाइटों पर प्रकाशित होने वाली विस्तृत सीईएन देखें।

**8.0 भूतपूर्व सैनिकों के लिए आरक्षण :** विस्तृत विवरण के लिए रेभबो अथवा रेभसे की वेबसाइटों पर प्रकाशित होने वाली विस्तृत सीईएन देखें।

**9.0 आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग उम्मीदवारों के लिए आरक्षण :** विस्तृत विवरण के लिए रेभबो अथवा रेभसे की अधिकारिक वेबसाइटों पर प्रकाशित होने वाली विस्तृत सीईएन देखें।

**10.0 परीक्षा प्रणाली : कंप्यूटर आधारित परीक्षण (सीबीटी)**

**11.0 परीक्षा शुल्कः**

| क्रमांक | उम्मीदवारों की श्रेणी | शुल्क |
|---|---|---|
| 1 | नीचे उल्लिखित क्रमांक 2 में शुल्क रियायत श्रेणियों के अलावा सभी उम्मीदवारों के लिए प्रथम चरण सीबीटी में उपस्थित होने पर रु. 500/- के शुल्क में से रु. 400/- **वापस किये जाते हैं, इसमें से बैंक** शुल्क की कटौती **की** जाएगी। | रु. 500/- |
| 2 | एससी/एसटी/भूतपूर्व सैनिक/पीडब्ल्यूबीडी/महिला/ट्रांसजेंडर/अल्पसंख्यक/आर्थिक रूप से पिछड़ी श्रेणी से संबंधित उम्मीदवारों के लिए प्रथम चरण सीबीटी में उपस्थित होने पर रु. 250/- **वापस किये जाते हैं, इसमें से बैंक** शुल्क की कटौती **की** जाएगी। | रु. 250/- |

**12.0 महत्वपूर्ण तारीख एवं समयः**

| कार्यक्रम | तारीख एवं समय |
|---|---|
| रेभबो द्वारा आवेदनों (एनटीपीसी) के ऑनलाइन पंजीकरण शुरू होने की तारीख | 28.02.2019 को 10.00 बजे |
| रेभबो द्वारा आवेदनों (पैरा मेडिकल स्टाफ) के ऑनलाइन पंजीकरण शुरू होने की तारीख | 04.03.2019 को 10.00 बजे |
| रेभबो द्वारा आवेदनों (**लिपिक वर्गीय एवं अन्य एकल पद**) के ऑनलाइन पंजीकरण शुरू होने की तारीख | 08.03.2019 को 10.00 बजे |
| रेभसे द्वारा आवेदनों (लेवल-1) के ऑनलाइन पंजीकरण शुरू होने की तारीख | 12.03.2019 को 10.00 बजे |

**13.0** उम्मीदवारों से यह अपेक्षित है कि वे पद मानदंड सारणी, रिक्त-सारणी देख लें और अपनी पात्रता के आधार पर, जो भी लागू हो, रेभबो अथवा रेभसे में से किसी एक को ऑनलाईन माध्यम से आवेदन भरने संबंधी अपनी पात्रता सुनिश्चित करें। रेभबो अथवा रेभसे चयन में से, जो भी लागू होगा, उसे अंतिम माना जाएगा। एक से अधिक रेभबो अथवा रेभसे को आवेदन करने पर (जो भी लागू हों), संबंधित केन्द्रीकृत रोजगार सूचना के संदर्भ में प्रस्तुत सभी आवेदन अस्वीकृत कर दिए जाएंगे।

**14.0** उम्मीदवारों की योग्यता पर विचार ऑनलाइन आवेदन पर प्रस्तुत जानकारी के आधार पर किया जाएगा। उम्मीदवारों को, संबंधित रेभबो अथवा रेभसे के पास डाक द्वारा, आवेदन अथवा प्रमाणपत्रों के प्रिंटआउट अथवा प्रतिलिपियां भेजने की आवश्यकता नहीं है। भर्ती के किसी भी चरण में अथवा उसके उपरांत **यदि** यह पाया जाता है कि उम्मीदवार द्वारा अपने आवेदन में प्रस्तुत कोई भी जानकारी गलत/असत्य है अथवा उम्मीदवार ने किसी भी प्रासंगिक जानकारी को गुप्त रखा है अथवा उम्मीदवार पद के लिए पात्रता के मानदंड को पूरा नहीं करते **हैं** तो **उसकी** उम्मीदवारी तुरंत रद्द कर दी जाएगी। सीईएन के परिप्रेक्ष्य में आवेदन जमा करने के उपरांत रेभबो अथवा रेभसे आवेदन में प्रस्तुत की गई जानकारी में बदलाव के लिए कोई भी अभ्यावेदन स्वीकार नहीं करेगा।

**15.0 उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे निम्नलिखित के अनुरूप, विस्तृत रेभबो की सीईएन सं. 01/2019, 02/2019 व 03/2019 तथा ऑनलाईन आवेदन जमा करने हेतू केवल रेभबो के कार्यालयीन वेबसाइट हीं देखें :**

| रेभबो | वेबसाइट का पता | रेभबो | वेबसाइट का पता |
|---|---|---|---|
| अहमदाबाद | www.rrbahmedabad.gov.in | जम्मू-श्रीनगर | www.rrbjammu.nic.in |
| अजमेर | www.rrbajmer.gov.in | कोलकाता | www.rrbkolkata.gov.in |
| इलाहाबाद | www.rrbald.gov.in | मालदा | www.rrbmalda.gov.in |
| बेंगलुरु | www.rrbbnc.gov.in | मुम्बई | www.rrbmumbai.gov.in |
| भोपाल | www.rrbbpl.nic.in | मुजफ्फरपुर | www.rrbmuzaffarpur.gov.in |
| भुवनेश्वर | www.rrbbbs.gov.in | पटना | www.rrbpatna.gov.in |
| बिलासपुर | www.rrbbilaspur.gov.in | रांची | www.rrbranchi.gov.in |
| चंडीगढ़ | www.rrbcdg.gov.in | सिकंदराबाद | www.rrbsecunderabad.nic.in |
| चेन्नई | www.rrbchennai.gov.in | सिल्लीगुड़ी | www.rrbsiliguri.org |
| गोरखपुर | www.rrbgkp.gov.in | तिरुवनंतपुरम | www.rrbthiruvananthapuram.gov.in |
| गुवाहाटी | www.rrbguwahati.gov.in | — | — |

**16.0 उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे निम्नलिखित के अनुरूप, विस्तृत सीईएन सं. आरआरसी - 01/2019 (लेवल-1 पदों) तथा ऑनलाईन आवेदन जमा करने हेतू केवल रेभसे के कार्यालयीन वेबसाइट हीं देखें :**

| रेभसे | रेभसे वेबसाइट | रेभसे | रेभसे वेबसाइट |
|---|---|---|---|
| **मध्य रेलवे** | www.rrccr.com | **उत्तर पश्चिम रेलवे** | www. nwr.indianrailways.gov.in |
| **पूर्व रेलवे** | www.rrcer.com | **दक्षिण रेलवे** | www. rrcmas.in |
| **पूर्व मध्य रेलवे** | www.rrcecr.gov.in | **दक्षिण मध्य रेलवे** | www. scr.indianrailways.gov.in |
| **पूर्व तट रेलवे** | www.rrcecor.org | **दक्षिण पूर्व रेलवे** | www.ser.indianrailways.gov.in |
| **उत्तर रेलवे** | www. rrcnr.org | **दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे** | www.secr.indianrailways.gov.in |
| **उत्तर मध्य रेलवे** | www. rrcald.org | **दक्षिण पश्चिम रेलवे** | www. rrchubli.in |
| **उत्तर पूर्व रेलवे** | www.ner.indianrailways.gov.in | **पश्चिम रेलवे** | www. rrc-wr.com |
| **पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे** | www.nfr.indianrailways.gov.in | **पश्चिम मध्य रेलवे** | www. wcr.indianrailways.gov.in |

सं. RRB/BBS/Advt/CENs
दिनांक. 23.02.2019

**अध्यक्ष**
रेलवे भर्ती बोर्ड एवं रेलवे भर्ती सेल

Size : 25 cm (w) x 38 cm (h)